बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-795
14/11/2026

जे0पी0 गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निर्माणाधीन संपर्क पथ का निर्माण कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण करें :– सम्राट

मुख्य बिंदु :–

- मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक 1.5 किलोमीटर लंबे संपर्क पथ के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अशोक राजपथ पर फ्लाईओवर का निर्माण भी इस परियोजना का हिस्सा है।
- पटना साहिब रेलवे स्टेशन को जे0पी0 गंगा पथ से मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी। आर0ओ0बी0 के माध्यम से जे0पी0 गंगा पथ को नए एन0एच0–30 से जोड़ा जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

पटना, 14 नवम्बर 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज पटना सिटी के समीप जे0पी0 गंगा पथ अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निर्माणाधीन संपर्क पथ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार पाल ने इस परियोजना के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस संपर्क पथ की कुल लंबाई 1.5 किलोमीटर है तथा इसके निर्माण पर 52.54 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित है। इस परियोजना का कार्य 5 अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ था। इस संपर्क पथ की शुरुआत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से होती है और यह पटना घाट में जे0पी0 गंगा पथ के पटना घाट संपर्कता पर समाप्त होता है। इस परियोजना के तहत अशोक राजपथ पर फ्लाईओवर का भी निर्माण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संपर्क पथ के निर्माण से पटना साहिब रेलवे स्टेशन की जे0पी0 गंगा पथ से सीधी कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। साथ ही अशोक राजपथ एवं मारूफगंज मंडी क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी। यह संपर्क पथ दलहट्टा, चरखीपर सहित आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर सड़क संपर्कता प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर आर0ओ0बी0 के माध्यम से जे0पी0 गंगा पथ को नए एनएच–30 से भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर सड़क एवं यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संपर्क पथ

के निर्माण से पटना सिटी के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी।

निरीक्षण के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री पंकज कुमार पाल, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अनिमेष पराशर, नगर आयुक्त श्री यशपाल मीणा, जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******